संक्षिप्त

विधायक आज करेंगे साइकिल वितरण

चाकसू। विधायक वेद प्रकाश सोलंकी मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिल वितरित करेंगे। नोडल अधिकारी रामलाल मीणा ने बताया कि मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश सोलंकी होंगे तथा अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा व विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में चाकसू ब्लॉक की 2700 छात्राओं को साइकिल वितरित की जाएगी। जिसमें दो सत्रों की कक्षा 9वी की छात्राओं को साइकिल वितरित की जाएगी।

स्वेटर पाकर खिले बच्चों के चेहरे

पावटा। निकटवर्ती ग्राम पंचायत धूलकोट के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उडान सेवा समिति संयोजक मनोज स्वामी व भामाशाह रामस्वरूप स्वामी, प्रकाश स्वामी, जगदीश यादव, सरपंच प्रतिनिधि गणेश वर्मा, उपसरपंच प्रतिनिधि के सहयोग से विद्यालय में अध्यनरत 25 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेमसिंह मीणा ने की। इस मौके पर विद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा बंधवाकर समान भी किया गया।

मौसम में फिर बदलाव

रींगस। अंचल में एक बार फिर से मौसम के मिजाज में परिवर्तन आ गया। सूर्य तथा बादलों के बीच लुकाछिपी का दौर जारी रहा। इससे इलाके में सर्दी का जोरदार अहसास हुआ। लोगों की कंपकपी छुट गई। ठण्डी हवाएं चलने से लोग खासे परेशान रहे। वहीं सर्दी के सितम से बाजारों पर भी खासा प्रभाव रहा। दुपहिया वाहन चालक खासे परेशान रहे। सर्दी से बचाव के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा।

कोटपूतली में 28 नये संक्रमित मिले

कोटपूतली। कोटपूतली ब्लॉक में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने बताया कि सोमवार को कोरोना के 28 मामले सामने आये है। वहीं अब तक 691 मरीज पॉजीटीव आ चुके है।

'एफआरटी वाहन से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा त्वरित निदान'

मंडावरी, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के लिए एफआरटी वाहन उपलब्ध होने से पालिका क्षेत्र के आम बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निदान कम समय में हो सकेगा।

मंत्री मीणा ने कहा कि अब नगरपालिका मंडावरी की शहरी जीवन की परिकल्पना को साकार करने के लिए एक के बाद एक सुविधाओं को लेकर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। मंत्री मीणा

■ **24 घंटे तैनात रहेगी वाहन एवं टीम**

ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए इस वाहन का संचालन दिन रात 24 घंटे रहेगा। वहीं इस वाहन पर तैनात कार में बिजली उपभोक्ता द्वारा शिकायत का निस्तारण तय समय में कर बिजली उपभोक्ता को राहत प्रदान करेंगे। मंत्री मीणा ने कहा कि पहले आम उपभोक्ता को यह वाहन नहीं होने के कारण बिजली संबंधी समस्या का समाधान करवाने में काफी वक्त लग जाता था। वहीं बिजली कर्मियों के पास आवश्यक संसाधन वाहन आदि उपलब्ध नहीं होने के कारण बिजली से संबंधित समस्या का समाधान करने में कठिनाई आने के साथ समय भी लगता था। लेकिन इस वाहन के उपलब्ध होने के बाद अब बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण तुरंत होगा एवं उपभोक्ता को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो पाएगी।

बिजली विभाग के सहायक अभियंता घनश्याम मीणा ने बताया कि चिकित्सा मंत्री की अनुशंसा के बाद विद्युत विभाग द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के लिए एफआरटी वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। बताया कि इस एफआरटी वाहन पर 24 घंटे कार्य करने के लिए 8आठ आठ घंटे की शिफ्ट में एक ड्राइवर व तीन बिजली के तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे। यह वाहन बिजली उपभोक्ता द्वारा उसके बिजली बिल के पीछे अंकित टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही तुरंत उपभोक्ता की समस्या से संबंधित समस्या का समाधान कर उपभोक्ता को राहत प्रदान करेगा। वहीं उपभोक्ता की बिजली समस्या समाधान होने पर टोल फ्री नंबर से उपभोक्ता के मोबाइल पर उसकी समस्या समाधान का मैसेज भी भेजा जाएगा।

मंडावरी में एफआरटी वाहन का सहायक अभियंता घनश्याम मीणा ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

विधायक विकास कार्यों को लेकर क्षेत्रवासियों से रूबरू हुए

पावटा, (निसं)। कोरोना महामारी के दौर में जहां लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं ऐसे में हमारे क्षेत्र के विधायक इंद्राज गुर्जर अपने विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने विकास कार्यों को लेकर क्षेत्रवासियों से मिलकर उनके सुझाव लिए व मांगें भी सुनी। विधायक इंद्राज गुर्जर क्षेत्रवासियों से रूबरू हुए व विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मिले और उनकी समस्याएं भी जानी। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोडी जा रही है और विकास के मामले में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को अग्रणी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्षेत्र से जुडी तमाम विकास परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए ताकी स्थानीय लोगों को उसका फायदा मिल सके। जितनी भी मांगें व सुझाव स्थानीय लोगों द्वारा उनको मिले है, उन्हें वे क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर खेल, शिक्षा, सडक, , स्वास्थ्य व बिजली-पानी जैसी तमाम मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत अवश्य पूर्ण करवाएंगे।

डाइट में दीक्षान्त समारोह आयोजित

टोंक, (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट टोंक में सोमवार को द्वितीय वर्ष के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का दीक्षान्त समारोह का आयोजन डाइट टोंक के टैगोर सभा भवन में आयोजित किया गया।

डीएलएड प्रभारी कन्हैया लाल मीणा व्याख्याता ने बताया कि डाइट में पूर्व में अध्ययन किये हुये विगत दो सत्रों के 94 छात्र छात्राओं को पंजीयक शिक्षा विभागीय परिक्षाएं बीकानेर से प्राप्त डिग्रीयों का वितरण किया गया तथा भर्ती 2021 में 130 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 26 छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। मीणा ने बताया कि डाइट में विगत वर्षो में आयोजित भर्ती पक्षाओं में जिले में संचालित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सर्वाधिक 32 शिक्षकों का चयन किया जा चुका है। जिनको पूर्व में शिक्षक रत्न पुरूस्कार द्वारा सम्मानित किया गया था।

डाइट टोंक का इतिहास राजकीय सेवाओं में सर्वाधिक चयन करने का हमेशा रहा है। इस भर्ती पक्षा में भी विगत तीन सत्रों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं में से 26 होनहार छात्र छात्राओं की 130 से अधिक अंक रहे है जो कि संस्थान की गरिमामय उपलब्धि है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध व लेखन प्रतियोगिता आयोजित

टोंक, (निसं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर महिला अधिकारिता विभाग व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र व एक्शन एड एसोसिऐशन के सहयोग से युसुफपुरा चराई स्थित देव नारायण अवासीय विद्यालय में निबंध व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक, मेरिंगटन सोनी ने कार्यक्रम में बालिका सुरक्षा, संरक्षण व

■ **137 बालिकाओं को स्कूल बैग व टी-शर्ट दिये**

विकास के विशिष्ट कानूनी अधिकार व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ, उडान व इंदिरा महिला उद्यम प्रोतसाहन योजना के बारे में जानकारी देते हुए किशोरी शक्तिकरण, बालिकाओं के विकास और बालिका शिक्षा पर जोर दिया।इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र प्रवंधक अरूंण्डा शर्मा ने पुलिस सहायता महिला प्रकोष्ठ व सखी वन स्टॉप सेंटर के के बारे में बताया।

एक्शन एड जोनल कोर्डिनेटर जहीर आलम ने कार्यक्रम की बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मेरे सपने मेरी उडान विषय पर निवंध व किशोरियों का स्वास्थ्य व पोषण विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिका संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम संबंधी कानून की जानकारियां दी गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को प्रशास्ति पत्र देकर समानित किया गया जबकि 9वीं से लेकर 12वीं तक की 137 छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढाओ लोगों लगे स्कूल बैग व टी शर्ट वितरित की गई। इस अवसर पर काऊंसलर सरोज बैरवा, दिलखुश शर्मा, आशा शास्त्री, उमेश व एक्शन एड वोलनटियर मुहम्मद जहूर खान उपस्थित रहे।

टोंक में युसुफपुरा चराई स्थित देव नारायण अवासीय विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम।

बूस्टर डोज के नाम पर हो रही ठगी को लेकर किया अलर्ट

फुलेरा। फुलेरा पुलिस थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए बूस्टर डोज लगाने के नाम पर साइबर क्राइम व ठगी करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। ठगी करने वाले शातिर बूस्टर डोज पंजीकृत करने के नाम पर लोगों से ठगी कर रहे हैं। फुलेरा पुलिस ने भी सतर्कता बरतते हुए लोगों को ओटीपी किसी से भी शेयर न करने की हिदायत दी है। पुलिस के मुताबिक शातिर बूस्टर डोज पंजीकृत करने के नाम पर लोगों से उनका मोबाइल नम्बर पूछ रहे हैं। इसके बाद उनके मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आता है। इस ओटीपी को बताने के बाद बैंक खातों से पैसा निकाला जा सकता है। ऐसे में लोग बूस्टर डोज लगाने के चक्कर में ठगी का शिकार हो सकते हैं। पुलिस ने सोशियल मीडिया पर चेतावनी जारी कर कहा कि शातिरों के पास लोगों के पहले लगाई गई कोरोना रोधी दोनों डोज का तिथियों सहित आंकडा है। इस आंकड़े को बताकर वे लोगों को विश्वास जीत रहे हैं। अत: थानाधिकारी राठौड़ ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि ओटीपी पूछे जाने पर सावधानी बरते ओर ठगी से बचें।

सार-समाचार

बालिका दिवस मनाया

सांभरझील, (निसं)। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) जयपुर जिला हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) बृजेश कुमार शर्मा सांभर लेक के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस ऑनलाइन वर्चुअल माध्यम से मनाया गया। अधिवक्ता इमरान खान मंसूरी ने बालिकाओं के अधिकारों संरक्षण, नारी को दे शिक्षा का सबेरा तभी होगा उनके जीवन में उजियारा तालुका विधिक सेवा के प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा जिस आंगन में हो बेटी का सम्मान, वह घर हो स्वर्ग समान, बेटियों को मत रखों निरक्षर, बेटियां भी बनेगी बड़ी अफसर, इस कार्यक्रम में हेमलता, मिनाक्षी, अर्पिता, खुशबू, अंजली, अरविंद, हरिओम, लीलाधर, दीपक, हर्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसी प्रकार यहां के कटला बाजार स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर ने बालिकाओं को पढ़ लिख कर राष्ट्र सेवा में योगदान करने का संकल्प दिलाया। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केसरमल वर्मा ने सभी छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या उर्मिला वर्मा ने की।

पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभाला

टोंक, (निसं)। जयपुर एसओजी से आए आईपीएस मनीष त्रिपाठी ने सोमवार को टोंक पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि टोंक शहर रियासत कालीन है। शहर

उर्दू-फारसी के नफीस लोगों का है। यहां के बारे में काफी सुना और पढा है। इससे पहले पुलिस अधीक्षक को सर्किट हाउस में पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात की। इस दौरान कहा कि राज्य सरकार के आदशों की पूर्ण पालना की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोशिश की जाएगी कि प्रति दिन अच्छा काम किया जाए। इसके लिए जवान और अधिकारियों को साथ लिया जाएगा। जहां भी सुधार की गुंजाइश होगी, वहां सुधार किया जाएगा। जिले की कानून व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा।

वैक्सीनेशन के लिए कौर कमेटी गठित

पावटा। उपखंड अधिकारी पावटा राजवीर सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी से आमजन को बचाने और कोरोना के संक्रमण को रोकने तथा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर जयपुर द्वारा जारी की गई एडवाइजरी निर्देशों के अनुपालन में 31 जनवरी तक उपखंड क्षेत्र के नागरिकों का 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाने के लिए कौर कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी का अध्यक्ष पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पीईईओ/ प्रधानाचार्य को बनाया गया है। इसके अलावा संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को सदस्य सचिव व संबंधित पटवारी हल्का को सदस्य, एएनएम संबंधित ग्राम पंचायत को सदस्य, आंगनवाडी कार्यकर्ता को सदस्य, संबंधित बीएलओ को सदस्य नियुक्त किया गया है। गठित कमेटी द्वारा 31 जनवरी 2022 तक समय-समय पर कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित करने व संबंधित ग्राम पंचायत में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन (प्रथम व द्वितीय डोज) लगाने के निर्देश दिये वही 31 जनवरी 2022 तक दोनों डोज नहीं लगाने पर महामारी एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू

लालसोट। भारतीय जनता पार्टी आजीवन सहयोग निधि अभियान का शुभारंभ उपखंड मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रतन तिवारी की अध्यक्षता एवं विधानसभा के प्रत्याशी रहे रामविलास मीणा के सानिध्य में शुरू किया गया। जिसमें भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को इस अभियान से जोड़ने के बारे में सभी ने अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर जिला संगठन सह प्रभारी मोहनलाल जी मोरवाल जिला संयोजक सोमेश विजय जिला कोषाध्यक्ष मुरारी धोकरिया सह संयोजक प्रमोद व्यास, हरकेश मटलाना जिला उपाध्यक्ष, रवि हाडा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र स्वामी महामंत्री, राम खिलाड़ी मंडल अध्यक्ष, दिनेश जोशी मंडल अध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन जगदीश सैनी, भागचंद सैनी बलराम बेरवा आदि लोग मौजूद रहे।

सात ई-मित्र संचालकों पर की कार्रवाई

मालपुरा। सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग मालपुरा प्रोग्रामर संजय कुमार सोनी ने संयुक्त निदेशक एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों पर सोमवार को शहर के ई-मित्र सेन्टरों का निरीक्षण करते हुए 7 ई-मित्रों पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं होने पर जूर्माने की कार्यवाही कर एक ई-मित्र संचालक का कियोस्क बंद किया। प्रोग्रामर सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 7 ई-मित्र सेन्टरों पर विभाग द्वारा निर्धारित की गई राशि की रेट लिस्ट व बैनर पोस्टर चस्पा नहीं पाये गये जिन पर जूर्माना राशि की कार्यवाही की गई तथा जांच में एक ई-मित्र जिसकी आईडी गांधी पार्क के नाम से जारी की गई थी लेकिन संचालक द्वारा ट्रक स्टेण्ड देशवाली मौहल्ले में अपने आवास पर ई-मित्र संचालित करते पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से संचालक की आईडी बंद की गई तथा सभी ई-मित्रों को ऑनलाईन कार्यों के लिए आमजन से विभाग व सरकार द्वारा निर्धारित की गई राशि ही लेने के निर्देश दिये गये।

बजरी से भरा एक ट्रैक्टर जब्त

निवाई। बरोनी थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि गांव मंशाटीबा के समीप से अवैध बजरी भरकर आ रहा ट्रैक्टर दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया। ट्रैक्टर में अवैध बजरी मिलने पर उसे जब्त कर थाने लाकर खडा करवा दिया।

'एक शिक्षित बालिका दो घरों को संवारती है'

फागी, (निसं)। उपखंड मुख्यालय के चिंदोला मोहल्ले में संचालित राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में महिला अधिकारिता विभाग के बैनर तले बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें फागी उपखंड मुख्यालय पर संचालित इंग्लिश मीडियम बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने भाग लिया। प्रथम वर्ग में 10 से 14 वर्ष की बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें मेरे सपने मेरी उडान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, द्वितीय वर्ग में 14 से 18 वर्ष की बालिकाओं को स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ भगवान सहाय शर्मा ने कहा कि एक शिक्षित बालिका दो घरों का उत्साह मारती है इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावक बालक बालिकाओं भेदभाव नहीं करते हुए दोनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करवानी चाहिए। कार्यक्रम में सीडीपीओ मुन्नी देवी मीणा, महिला अधिकारिता विभाग फागी ब्लाक की सुपरवाइजर मंजू सैनी , विद्यालय प्रधानाचार्य योगिता शर्मा, प्रभारी ममता गोयल एवम समस्त स्टाफ ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

करंट लगने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने जयपुर-अलवर मार्ग किया जाम

पावटा, (निसं)। निकटवर्ती चतरपुरा गांव में करंट लगने से युवक की मौत हो गई जिस पर गुस्साए ग्रामीणों ने जयपुर-अलवर मार्ग को जाम कर दिया।

सोमवार को सुबह 11 बजे अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर एक व्यक्ति पर गिर गया, जिससे व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। लोगों ने गंभीर हालत में शाहपुरा राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुमेर सिंह पुत्र सुगंन सिंह ट्रक ड्राइवर का काम करता था। गाड़ी से 1 सप्ताह पहले ही आया था। हाईटेंशन लाइन का तार सुमेर सिंह के घर के पास से गुजर रहा था। तार टूटने पर सुमेर सिंह की पोती वहीं

■ **हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर युवक पर गिर गया था**

खेल रही थी, जिस को बचाने के चक्कर में पोती को तो बचा लिया लेकिन खुद हाईटेंशन लाइन के करंट के संपर्क में आ गया। हाईटेंशन का तार टूटने पर लोगों ने जवानपुरा जीएसएस में सूचना दी, लेकिन 10 मिनट तक लाइन को नहीं काटा, जिससे करंट आम रास्ते में फैलता रहा। जिससे आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 248 को पत्थर डालकर जाम कर दिया।

सूचना पर भाबरु थाना इंचार्ज अतर सिंह यादव मय जाप्ता पहुंच कर लोगों को समझाया, लेकिन लोग नहीं माने। आक्रोशित भीड़ को देखते हुए कोटपूतली एएसपी नवाब खान, शाहपुरा डिप्टी सुरेंद्र कृष्णीया ,शाहपुरा थाना इंचार्ज वीरेंद्र सिंह, विराटनगर थाना इंचार्ज रामअवतार मीणा मय जाब्ता पहुंचे। सूचना पर विराटनगर एसडीएम सुनील कुमार शर्मा ,विराटनगर तहसीलदार पिंकी गुर्जर ,पटवारी सीताराम पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने जयपुर से कलेक्टर सहित उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलवाने के लिए 3 घंटे तक रोड को जाम रखा, जिससे 5 किलोमीटर तक वाहनों का जाम लग गया। आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से मांग मानने पर ही रोड खोलने की जिद करते रहे तथा लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की।

विराटनगर एसडीएम सुनील कुमार शर्मा ने आक्रोशित लोगों को बिजली निगम से 5 से 10 लाख तक का हरसंभव मुआवजा दिलवाने का आश्वासन देने पर लोगों ने रास्ता खोला तथा विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर ने दूरभाष पर विधायक कोष से नियमों के तहत मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। मौके पर बिजली निगम विराटनगर से एक भी अधिकारी व कर्मचारी भीड़ के डर से नहीं आए। इस हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए लोगों ने कई बार विराटनगर बिजली निगम के उच्च अधिकारियों को लिखित में शिकायत की थी, लेकिन लापरवाही के चलते 3 माह बाद भी इस लाइन को नहीं हटाया गया।

प्रागपुरा का 'इंडोर स्टेडियम' 26 जनवरी को आरम्भ होगा

पावटा, (निसं)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रागपुरा कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में इंडोर स्टेडियम की शुरुआत विधायक इंद्राज गुर्जर के निर्देशानुसार पावटा एसडीएम राजवीर यादव के सानिध्य में पावटा ब्लॉक के सभी अधिकारियों की

■ **3 करोड़ की लागत से बने इस स्टेडियम से ग्रामीण खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ**

मौजूदगी में 26 जनवरी को पहला मैच खेल कर की जायेगी।

इंडोर स्टेडियम के शुभारंभ की तैयारियों को लेकर पावटा ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम व स्कूल प्रशासन ने इंडोर स्टेडियम का जायजा लिया व सफाई लाइट पानी व्यवस्था के लिए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका, प्रशासन व विद्यालय को अवगत करवाया। वहीं प्रागपुरा महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम विद्यालय प्रधानाचार्य शिवानी शर्मा ने बताया कि बहुत जल्दी कमेटी बनाकर स्टेडियम को स्थायी रूप से चालू कर दिया जाएगा।

वहीं गौरतलब है कि जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड द्वारा 2018 में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 3 करोड रुपए की लागत से बने इंडोर स्टेडियम का काम 2 सप्ताह पहले ही पूरा होने पर वर्तमान में उसे महात्मा गांधी अंग्रेजी राजकीय विद्यालय प्रागपुरा की गठित कमेटी को स्थानांतरित किया गया। कमेटी इस इंडोर स्टेडियम का संचालन व मेंटेनेंस करेगी। इंडोर स्टेडियम में क्षेत्र के खिलाडियों को एक ही स्थान पर खेलने के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेडियम में युवा खिलाडियों को तैयारी के लिए रिटायर्ड अधिकारी भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इस मौके पर अल्पसंयक अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, अमित चौहान, अर्जुन सैनी, इरफान, सद्दाम हुसैन, पावटा प्रागपुरा नगर पालिका से मुखराम गुर्जर, संजय मीणा, शिक्षक रमेश वशिष्ठ, सफाई कर्मचारी हंसराज बाल्मीकि मौजूद रहे।

इंडोर स्टेडियम के शुभारंभ की तैयारियों को लेकर नगरपालिका की टीम ने जायजा लिया।

पालिका अध्यक्ष को निलम्बित करने की मांग

मालपुरा, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामदेव बैरवा की अगुवाही में कांग्रेसजनों ने सोमवार को एसडीएम आरके वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप मालपुरा पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी को निलम्बित करने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा,पार्षद अतीक अहमद, पार्षद हनीफ एडवोकेट, धनराज वाल्मिकी, सहवृत्त पार्षद नरेन्द्र फुलवारिया, बनवारी लाल बैरवा सहित अन्य कांग्रेसियों ने सौंपे ज्ञापन में अवगत करवाया कि बीते दिनों 12 जनवरी को जयपुर ग्रामीण एसीबी टीम द्वारा मालपुरा पालिका में ट्रैप की कार्यवाही करते हुए संविदाकर्मी जेईएन मोनू शर्मा व एक प्राईवेट ठेकेदार प्रेमचन्द को 15 हजार रूपयो की रिश्वत राशि के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किये जाने व दोनों आरोपियों से की गई पूछताछ के बाद एसीबी द्वारा पालिका अध्यक्ष पति मनीष सोनी को नामजद आरोपी बना लेने के बाद से अध्यक्ष पति फरार चल रहे हैं। जिससे एसीबी की कार्यवाही प्रभावित होने का अंदेशा है। कांग्रेसजनों ने अविलम्ब पालिका अध्यक्ष को निलम्बित करने की मांग की है।

बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया

लालसोट। उपखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर बालिकाओं को आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षित रहने व आत्मविश्वास लबरेज करने के उपायों के साथ विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने एवं उन को मजबूत करने सहित उनके सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के भी गुर बताए गए। महारिया ग्राम पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर बालिका शिक्षा का महत्व पोस्टर प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता सहित पर्यावरण बचाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। व्याख्याता कमलेश गौतम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 39 बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया जहां विद्यालय परिवार द्वारा बालिका शिक्षा के महत्व एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम आने पर रामधनी मीणा आचुकी शर्मा सोनम बेरवा को एवं पोस्टर एवं पर्यावरण प्रतियोगिता में सफल रहने पर नाजिया बानो आरती सैनी पायल योगी को एवं मेहंदी प्रतियोगिता में अव्वल रहने पर सुमन सैनी मनीषा रेगर पायल बेरवा को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह चांदी आवास ग्राम पंचायत स्थित राजकीय विद्यालय में भी राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर बालिकाओं को विभिन्न सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अव्वल आने पर पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रधान जगदीश नारायण मीणा ने बताया कि आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा बेरवा एवं द्वितीय स्थान पर खुशी महावर व तृतीय स्थान पर सपना मीणा रही जिनको पुरस्कृत किया गया। वही भगत सिंह आभा मंडल के नेतृत्व में जमात स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में भी राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि निर्मला बडाया रहे।

लालसोट की महारिया ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में मौजूद छात्राएं।